आईटी सेक्टर में तेजी से बढ़ रहा यूपी : पाठक

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। आईटी सेक्टर में यूपी देश का बड़ा और उभरता हुआ प्रदेश है। यह तकनीकी को तेजी से स्वीकार कर रहा है। प्रदेश के इंफ्रास्ट्रक्चर में भी आईटी सेक्टर का अहम रोल है। ये बातें डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने सोमवार को रिटेल कॉन्क्लेव एंड आईटी एक्सपो 2024 में मौजूद कारोबारियों को संबोधित करते हुए कही।

आईटी सेक्टर की चुनौतियों व भविष्य के अवसरों पर चर्चा के लिए निरालानगर के होटल में फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया आईटी एसोसिएशन व यूपी कम्प्यूटर डीलर्स वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से दो दिवसीय रिटेल कॉन्क्लेव एंड एक्सपो का आयोजन किया गया। उद्घाटन डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने किया। एफएआईआईटीए के अध्यक्ष देवेश रस्तोगी व यूपीसीडीडब्ल्यूए के अध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने उनके सामने आईटी सेक्टर की समस्याएं रखते हुए ज्ञापन सौंपा।

कहा, तमाम व्यापारी बिना केवाईसी व जीएसटी रजिस्ट्रेशन के ऑनलाइन सस्ता सामान बेच रहे हैं, जिससे जीएसटी की चोरी हो रही है और नकली माल से ग्राहक ठगा जा रहा है। ऑनलाइन कंपनियां क्रेडिटकार्ड पर कैशबैक देती हैं, लेकिन खुदरा व्यापारी से मोटी रकम वसूलती हैं, जो खुदरा व्यापार खत्म करने की साजिश है। रजिस्टर्ड व्यापारी जीएसटी नहीं जमा करता तो हम खरीदने वालों को जिम्मेदार क्यों ठहराया जाता है।



निरालानगर में सोमवार से शुरू आईटी एक्सपो में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक। -अमर उजाला

शहर में आईटी क्लस्टर का निर्माण होना चाहिए, जिससे कारोबारियों को रियायती दर पर जमीन और इंडस्ट्रीयल रेट पर सुविधाएं मिलें। डिप्टी सीएम ने मांगों को उचित फोरम पर रखने का आश्वासन दिया। उन्होंने एक्सपो का निरीक्षण कर कारोबारियों से मेक इन इंडिया पर निर्भरता पूछी, जिससे वे संतुष्ट दिखे। एक्सपो में प्रदेश भर से कारोबारियों ने हिस्सा लिया।